पंजाब केसरी

नकली शराब बनाने वालों पर शिकंजा: बुजुर्ग व्यक्ति कच्ची शराब के साथ किया काबू, 170 लीटर लाहन भी बरामद

अंबाला(अमन) : नकली शराब बना कर लोगो की जान के साथ खिलवाड़ करने वालो पर अंबाला पुलिस की तीखी नजर बनी हुई है । इसके चलते अंबाला पुलिस ने नग्गल थाना के अंतग्रत आने वाले गांव महला से एक बुजुर्ग व्यक्ति को कच्ची शराब बनाते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से 15 लीटर कच्ची शराब, 170 लीटर लाहन और शराब की भट्टी बरामद की है।

जानकारी देते हुए एसएचओ नग्गल ऋषिपाल ने बताया की उन्हें सूचना मिली थी पंजाब के नजदीक लगते गांव महला में एक व्यक्ति भैंसो के तबेले में भट्टी लगा कर कच्ची शराब निकाल रहा है जिस पर उन्होंने तुरंत कारवाई करते हुए छापेमारी की तो मौके से कच्ची शराब बनाने का सामान व 15 लीटर कच्ची शराब 170 लीटर लाहन बरामद हुई है साथ ही पाला राम नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

Source: https://haryana.punjabkesari.in/haryana/news/elderly-man-caught-with-raw-liquor-1927414